आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री–पीएम किसान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तमिलनाडु के कोयम्बटूर में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 21वीं किस्त जारी की। देशभर में 9 करोड़ किसानों की सहायता के लिए 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री ने कोयम्बटूर में दक्षिण भारतीय प्राकृतिक खेती सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र का पिछले 11 वर्षों में कायाकल्प हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्राकृतिक खेती के मामले में वैश्विक केंद्र बन गया है और इसकी जैव विविधता नया आकार धारण कर रही है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र में 3 सौ 83 करोड़ रूपए की 12 विकासात्मक परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इनमें 86 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित बद्दी–साई–रामशहर सड़क, 10 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत से बने नागरिक अस्पताल बद्दी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरोटीवाला के नवनिर्मित भवन का उदघाटन शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कल्याणपुर में 5 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला भी रखी।

भाजपा आरोप

प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल को हिमाचल के इतिहास का सबसे निकम्मा शासनकाल बताया है। शिमला में आज एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने तीन साल में प्रदेश को आर्थिक बदहाली व अव्यवस्था में धकेल दिया है। राजीव बिंदल ने कहा कि सरकार की नाकामियों को लेकर भाजपा 4 दिसम्बर को धर्मशाला में विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी।

*कांग्रेस की तीन वर्ष की यह जो सरकार है, आज तक के हिमाचल प्रदेश के इतिहास की सबसे निकम्मी सरकार है, तीन साल का जश्नमनाने की तैयारी भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के जनमानस की आवाज को बुलंद करने के लिए कृत संकल्प है, युवा बेरोजगार की बर्बादी के 3 साल, हिमाचल प्रदेश के आर्थिक दिवालिएपन के 3 साल, प्रदेश की बदहाली के तीन साल के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 4 दिसंबर को धर्मशाला में विशाल प्रचंड प्रदर्शन करेगी ।*

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में डिसास्टर एक्ट लागू है, पंचायत और नगर निकाय चुनाव टाले जा रहे हैं मगर सरकार तीन साल का जश्न मनाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी गईं और एक भी नई योजना लागू नहीं हुई है।

इंदिरा गांधी जयंती

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की आज 108वीं जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन, आर्थिक सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में ने इंदिरा गांधी की भूमिका अतुलनीय रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

---